CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 28 ◘ अंक- 251 ◘ रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## दार्जिलिंग में भारी बारिश से तबाही: भूस्खलन और पुल टूटने की घटना में 9 लोगों की मौत



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल) उत्तर बंगाल में लगातार भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दार्जिलिंग जिले में हुए भूस्खलन और पुल टूटने की घटनाओं में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मिरिक और सुखिया क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। इस हादसे के बाद दार्जिलिंग जिला पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। वहीं कालिम्पोंग में स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। लगातार बारिश से कई इलाकों का संपर्क टूट गया है और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री मोदी ने दार्जिलिंग में पुल ढहने की घटना पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- दार्जिलिंग में एक पुल दुर्घटना में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दु:खी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाइप फैक्ट्री में लगी आग, आसमान में छाया काले धुएं का गुबार



**बेमेतरा, 5** अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के ओड़िया गांव स्थित पाइप फैक्ट्री में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई. यहां पिछले 10 सालों से कृषि संबंधित पाइप और दूसरे सामान तैयार किए जाते हैं. आग से काफी सामान और मशीनें जलकर खाक हो गई है. तेज हवा के कारण आग फैक्ट्री के अन्य हिस्सों में भी फैल गई है. घटना में करोड़ो रुपए का नुकसान हुआ है.

जानकारी के मुताबिक खंडडसरा चौकी क्षेत्र के ओड़िया गांव स्थित पाईप फैक्ट्री में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई. फिलहाल आग शॉर्ट सर्किट से लगी है या किसी और वजह से यह अभी स्पष्ट नहीं है. सूचना के बाद बेमेतरा और कवर्धा की दमकल वाहन की टीम मौके पर मौजूद है. फैक्ट्री मालिक ने बताया कि इस फैक्ट्री में पिछले 10 सालों से कृषि से संबंधित पाइप, अन्य वस्तुओं का निर्माण होता आ रहा है. आज सुबह अचनाक आग लगी, जिसकी वजह स्पष्ट नहीं है. घटना में 1 से 1.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है. फैक्ट्री में रॉ मटेरियल स्क्रेप जो रखे थे. जिससे पाइप का निर्माण होता है. घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### सोनम की पत्नी ने एनएसए के तहत हिरासत को दी चुनौती, सुप्रीम कोर्ट में छह अक्तूबर को सुनवाई



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। पर्यावरण कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने जा रही है। शीर्ष अदालत 6 अक्तूबर को उनकी पत्नी गीतांजलि आंगमो द्वारा दायर याचिका पर विचार करेगी। उन्होंने वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिए जाने के फैसले को चुनौती दी है और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट की 6 अक्तूबर की कॉज लिस्ट के अनुसार, यह मामला जस्टिस अरविंद कुमार और एन.वी. अंजारिया की पीठ के सामने आएगा। बता दें कि सोनम वांगचुक को 26 सितंबर को हिरासत में लिया गया था। इससे दो दिन पहले ही लद्दाख में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची लागू करने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों में 4 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 90 लोग घायल हुए थे। इसी के बाद उन पर सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (ह्व्र) लगाया गया। हालांकि वांगचुक वर्तमान में राजस्थान के जोधपुर जेल में बंद हैं।

### आतंकी हमले को लेकर एनआईए ने 11 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पंजाब में एक पुलिस थाने पर प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन द्वारा किए गए आतंकवादी हमले में संलिप्तता के लिए शनिवार को 11 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनआईए की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पंजाब के मोहाली में एक विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दाखिल आरोपपत्र में आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। इस मामले में शिनाख्त किये गए अन्य 11 आरोपी अभी भी फरार हैं। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के विदेश स्थित आकाओं, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया, मन्नू अगवान और गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नवशेरियन ने इस हमले की सार्वजनिक रूप से जिम्मेदारी ली थी।




चूहा- सुनती हो, मुख्यमंत्री और भाजपा अध्यक्ष से चर्चा के बाद ननकी राम कंवर संतुष्ट हो गए।

चुहिया- हां जी, सुर्खियों में रहने के लिए संतुष्ट तो होना ही पड़ता है..!

## 11 बच्चों की मौत पर कार्रवाई मध्यप्रदेश में डॉक्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप पीने से 11 बच्चों की मौत के मामले में अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए डॉ. प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। डॉक्टर सोनी ने ही इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सिरप लिखा था।

पुलिस ने डॉ. सोनी और सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला परासिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी अंकित साहलम की शिकायत पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धारा 27(ए) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 और 276 के तहत दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया है कि डॉ. सोनी ने अधिकांश प्रभावित बच्चों को यही कोल्ड्रिफ कफ सिरप दिया था। शुक्रवार को जारी हुई एक प्रयोगशाला रिपोर्ट में इस सिरप को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ। रिपोर्ट में पाया गया कि सिरप में 48.6न्न डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) मौजूद था। यह एक अत्यधिक जहरीला रसायन है, जिसका सेवन करने पर किडनी फेल हो सकती है और मौत हो सकती है। तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में श्रीसन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित इस सिरप को तमिलनाडु औषधि नियंत्रण निदेशालय की 2 अक्टूबर की रिपोर्ट में भी अमानक और दोषपूर्ण (एनएसक्यू) पाया गया था। दूषित पदार्थ की पुष्टि होते ही, मध्य प्रदेश सरकार ने शनिवार को तत्काल प्रभाव से कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया। सरकार ने आदेश दिया है कि सिरप की बिक्री, वितरण और निपटान पर तुरंत रोक लगाई जाए और अगली सूचना तक सभी उपलब्ध स्टॉक को सील कर दिया जाए। यह प्रतिबंध श्रीसन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित अन्य उत्पादों पर भी बढ़ा दिया गया है।

### जहरीले कफ सिरप पर बैन

## राजधानी में धर्म परिवर्तन को लेकर जमकर बवाल, 2 महिलाओं समेत 6 हिरासत में



**रायपुर,** 5 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के परशुराम नगर में धर्म परिवर्तन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ. एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में अपराध दर्ज किया है. महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी भांजा बहू का उपचार करने के नाम पर कुछ लोगों ने उसका ब्रेनवाश कर जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की है. महिला ने बहू के माध्यम से उन पर भी धर्म परिवर्तन करने दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुरैना निवासी बालका राजपूत ने मायाराम, किशोर सेनापति, चौधरी बेसरा, आशीषी नाग, सिकंदर सिंह, गायत्री यादव, प्रफुल्ला पन्का के खिलाफ उसकी बहू पर जबरन धर्म परिवर्त करने दबाव बनाने का आरोप लगाया है. बालका ने पुलिस को बताया है कि उसकी भांजा बहू रितू की तीन माह पूर्व तबियत खराब हो गई थी. इसके बाद वह मायाराम के पास उपचार कराने के लिए गई. मायाराम ने रितू को इसाई धर्म ग्रहण करने के एवज में फ्री में इलाज करने का झांसा देकर उसका ब्रेनवाश कर इसाई धर्म अपनाने दबाव बनाया है।

रितू के पति ने अपनी मामी बालका को इसाई धर्म के मानने वाले लोगों द्वारा शुक्रवार को जबरन ले जाकर धर्म परिवर्तन करने की प्रक्रिया करने की जानकारी दी. इसके बाद बालका ने इसकी जानकारी अपने क्षेत्र में रहने वाले बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को दी. जानकारी मिलने पर बजरंदगल के कार्यकर्ता भारी संख्या में मायाराम के घर पहुंचे, जहां रितू का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था. वहां हंगामा किया. इसके बाद पुलिस ने मायाराम सहित अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में इमरजेंसी टरबाइन तैनात, बड़ा हादसा टला, यात्री सुरक्षित लैंड हुए



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। एअर इंडिया की अमृतसर से बर्मिंघम जा रही उड़ान ,ढ्ढ117 में शनिवार को बड़ा तकनीकी अलर्ट सामने आया। बोइंग 787 विमान का रैम एयर टर्बाइन लैंडिंग से ठीक पहले, यानी फाइनल अप्रोच के दौरान, अप्रत्याशित रूप से तैनात हो गया। यह एक ऐसी प्रणाली है जो इमरजेंसी पावर के लिए इस्तेमाल होती है। हालांकि, संचालन दल ने विमान को बर्मिंघम में सुरक्षित रूप से उतार लिया।


एअर इंडिया ने एक बयान में पुष्टि करते हुए कहा, 4 अक्टूबर 2025 को फ्लाइट एआई 117 के ऑपरेटिंग क्रू को आरएटी के डिप्लॉय होने का पता चला। राहत की बात यह रही कि जांच में सभी इलेक्ट्रिकल और हाइड्रॉलिक पैरामीटर सामान्य पाए गए, और विमान ने बर्मिंघम में सुरक्षित लैंडिंग की। एहतियात के तौर पर, विमान को गहन निरीक्षण के लिए रोक दिया गया है और इसी कारण बर्मिंघम-दिल्ली की वापसी उड़ान रद्द कर दी गई है।

## देश में बदलेगा ये ट्रैफिक रूल ? सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया नोटिस

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से पूछा है कि क्या भारत में भी विदेशों की तरह पैदल यात्रियों को सड़क की दायीं ओर चलने का नियम बनाया जा सकता है। अदालत ने दोनों पक्षों को 10 नवंबर तक सभी तथ्यों और आंकड़ों के साथ विस्तृत जवाब देने के निर्देश दिए हैं। यह मामला जबलपुर निवासी ज्ञान प्रकाश की याचिका पर उठाया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि भारत में पैदल यात्रियों को बायीं ओर चलने की सलाह दी जाती है, जिससे उनकी जान को खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि साल 2022 में हुए 50 हजार सड़क हादसों में से 18 हजार मौतें पैदल चलने वालों की थीं, यानी कुल मौतों का करीब 36 प्रतिशत हिस्सा। ज्ञान प्रकाश ने दलील दी कि अगर पैदल यात्री सड़क की दायीं ओर चलेंगे तो उन्हें सामने से आने वाले वाहन दिखेंगे, जिससे समय रहते वे खुद को बचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत में पैदल यात्रियों के लिए नियम ब्रिटिशकालीन परंपराओं और 1958 के विएना कन्वेंशन से प्रेरित हैं,

## ट्रम्प का हमास को अल्टीमेटम

### 20 सूत्रीय शांति समझौते पर करें दस्तखत, नहीं तो नर्क के लिए रहे तैयार!



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि इजरायल ने बंधकों की रिहाई और 20-सूत्रीय शांति समझौते को लागू करने का अवसर देने के लिए गाजा पट्टी में बमबारी अस्थायी रूप से रोक दी है। यह घोषणा उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर की। ट्रंप ने हमास से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह करते हुए चेतावनी दी। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, %हमास को जल्दी कदम उठाना होगा, वरना सारे दांव बेकार हो जाएंगे। मैं देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा... आइए इसे जल्द से जल्द पूरा करें। इससे पहले, शुक्रवार को, ट्रंप ने हमास को रविवार शाम 6 बजे पूर्वी समय (2200 त्रस्ञ्ज) तक 20-सूत्रीय शांति योजना को स्वीकार करने की समय-सीमा दी थी, चेतावनी देते हुए कहा था कि अन्यथा %हमास के खिलाफ, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया, नरक टूट पड़ेगा।% इधर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आशा व्यक्त की है कि वे %आने वाले दिनों में% गाजा से सभी बंधकों की रिहाई की घोषणा करेंगे। नेतन्याहू का यह बयान तब आया है जब सोमवार को मिस्त्र में हमास के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता जारी रही। नेतन्याहू ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उन्होंने तकनीकी विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल मिस्त्र भेजा है और उनका लक्ष्य इन वार्ताओं को कुछ दिनों की समय-सीमा तक सीमित रखना है। शनिवार को एक अलग पोस्ट में, ट्रंप ने बताया कि लंबी बातचीत के बाद, इजरायल एक %प्रारंभिक वापसी रेखा% पर सहमत हो गया है, जिसे हमास को दिखाया गया है।

## छत्तीसगढ़ की धरती सदा से रही है साहित्य और संस्कृति की धरा : साय



■ राज्य स्तरीय युवा कवि सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 5 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की साहित्यिक, सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराओं को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से विगत रात्रि आयोजित राज्य स्तरीय युवा कवि सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता शबरी की पावन भूमि को नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती सदा से साहित्य और संस्कृति की धरा रही है.

मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाकवि कालिदास ने इसी धरती पर मेघदूत जैसे अमर काव्य की रचना की, वहीं गजानन माधव मुक्तिबोध और पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जैसे यशस्वी साहित्यकारों ने इसी मिट्टी से अपनी पहचान बनाई. उन्होंने अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र रायगढ़ के सुप्रसिद्ध संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग और खेल और युवा कल्याण विभाग का यह अभिनव प्रयास प्रदेश की कला, साहित्य और रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहन देने का उत्कृष्ट माध्यम है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा साहित्यकारों, रचनाकारों और कलाकारों को निरंतर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही है. मुख्यमंत्री साय ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं से चयनित तीनों विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस मंच के माध्यम से युवा कवियों को देश के ख्यातिलब्ध कवियों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे उनके रचनात्मक विकास को नई दिशा मिलेगी.

### छत्तीसगढ़ की संस्कृति गीत, नृत्य और भावनाओं का जीवंत संगम है : अरुण साव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री और खेल और युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने कहा कि यह सम्मेलन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा कवियों के लिए सीखने और सृजन की प्रेरणा का अवसर है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति आरंभ से ही समृद्ध रही है — यहाँ मनुष्य के जीवन से लेकर मृत्यु तक हर अवसर पर गीत गाए जाते हैं.उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब खेतों में बुआई का समय आता है, तो पूरे वातावरण में ददरिया की मधुर ध्वनि गूंजती है. यहाँ विविध वाद्य, गीत, नृत्य और लोककलाओं की अनूठी परंपरा रही है. साव ने कहा कि यह प्रदेश संतों, महात्माओं और कवियों की कर्मभूमि रहा है, जहाँ से समाज को सदैव नई दिशा मिली है. उन्होंने प्रदेशभर से आए युवा कवियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया.

सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवि शशिकांत यादव, दिनेश बावरा, नीलोत्पल मृणाल, सुकविता तिवारी और सुमनु वैशाली ने अपनी ओजपूर्ण और भावनात्मक कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. राज्य स्तरीय युवा कवि प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले की निधि तिवारी ने प्रथम स्थान, मीरा मृदु ने द्वितीय स्थान और कोरिया जिले की अलीशा शेख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. मुख्यमंत्री साय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.